अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सकारण आदेश

संवेदक **Raj Kumar Rai, (Regd No- 4190219)**, At- Ward No-11, Deodha, Samastipur Geea Deodha, Bihar, Pin-848208 को **कार्य प्रमण्डल, रोसड़ा के अधीन MMGSY (SC)** अंतर्गत **Sirsia Dhala Bandh to Sirsia Gaon** तक पथ निर्माण कार्य आवंटित था, जिसका एकरारनामा संख्या–11SBD/2021-2022 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–19.04.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–18.01.2022 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रोसड़ा द्वारा संवेदक को बार–बार निदेशित करने के उपरांत भी संवेदक द्वारा उक्त पथ निर्माण से संबंधित कोई कार्य नहीं किया गया। इससे साबित होता है कि संवेदक द्वारा सरकारी आदेश की अवहेलना की गयी। तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रोसड़ा द्वारा अपने पत्रांक–2075 अनु0 दिनांक–11.11.2023 द्वारा संवेदक के एकरारनामा संख्या–11SBD/2021-2022 को विखंडित कर दिया।

उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रोसड़ा ने अपने पत्रांक–2078 अनु0 दिनांक–14.11.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, समस्तीपुर के पत्रांक–1595 अनु0 दिनांक–05.12.2023 एवं तत्कालीन मुख्य अभियंता–3, सम्प्रति मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–7247 अनु0 दिनांक–14.12.2023 के माध्यम से विहित प्रपत्र में कालीकृत करने हेतु विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध करायी गयी।

उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–264 दिनांक–22.01.2024 द्वारा कालीकृत करने के पूर्व संवेदक **Raj Kumar Rai, (Regd No- 4190219)**, At- Ward No-11, Deodha, Samastipur Geea Deodha, Bihar, Pin-848208 को पन्द्रह दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1157 दिनांक–05.03.2024 द्वारा स्मारित किया गया, फिर भी उक्त संवेदक द्वारा बचाव बयान नहीं दिया गया। अंततः विभागीय पत्रांक–2977 दिनांक–06.09.2024 द्वारा संवेदक को अन्तिम रूप से स्मारित किया गया, जिसकी अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना बचाव पक्ष में कोई जबाव नहीं दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को इसके बारे में कुछ नहीं कहना है।

अतएव विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **Raj Kumar Rai,** At- Ward No-11, Deodha, Samastipur Geea Deodha, Bihar, Pin-848208 के **Regd No- 4190219** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—101/2023 - 3545 /पटना, दिनांकः—26/11/2024

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 27/11/24
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—101/2023 - 3545 /पटना, दिनांकः—26/11/2024

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 27/11/24
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—101/2023 - 3545 /पटना, दिनांकः—26/11/2024

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 27/11/24
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—101/2023 - 3545 /पटना, दिनांकः—

प्रतिलिपिः—संवेदक **Raj Kumar Rai, (Regd No- 4190219)**, At- Ward No-11, Deodha, Samastipur Geea Deodha, Bihar, Pin-848208 को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 27/11/24
अभियंता प्रमुख